श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने भारत के राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली

...

नई दिल्ली; 25 जुलाई, 2022: श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने आज संसद भवन के सेंट्रल हॉल में भारत के राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली। भारत के मुख्य न्यायाधीश श्री एन वी रमना ने श्रीमती मुर्मू को शपथ दिलाई।

इस अवसर पर भारत के उपराष्ट्रपति और राज्य सभा के सभापति श्री एम. वेंकैया नायडू; प्रधान मंत्री, श्री नरेंद्र मोदी; लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला; केंद्रीय मंत्री, संसद सदस्य और अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू द्वारा संसद के सेंट्रल हॉल में दिए गए भाषण की एक प्रति (हिंदी और अंग्रेजी में) संलग्न है।